के.सं.वि./परीक्षा/मु.स्वा.पी./परीक्षा/2020-21/946

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली

दिनांक 11.09.2020

अधिसूचना

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित मुक्तस्वाध्यायपीठ के समस्त स्वाध्याय केन्द्रों में शास्त्री/आचार्य के अंतिम वर्ष की परीक्षाओं के संबंध में दिनांक 10.09.2020 को माननीय कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति की बैठक में कोविड-19 के वर्तमान परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए मुक्तस्वाध्यायपीठ की वार्षिक परीक्षाओं को ओपन बुक के माध्यम से कराने के लिए निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं -

1. अंतिम वर्ष की परीक्षाएं ओपन बुक एक्जामिनेशन माध्यम से ली जायेगी।
2. विश्वविद्यालय मुख्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार परीक्षा प्रश्नपत्र संबंधित स्वाध्याय केन्द्रों को ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे।
3. स्वाध्याय केन्द्र समन्वयक/कर्मचारियों के माध्यम से ईमेल/भौतिक रूप से अथवा अन्य उचित माध्यम से प्रश्न पत्र छात्र तक पहुंचायेंगे। **परीक्षा अवधि मध्याह्न १२:०० से ०३:०० तक रहेगी।** निर्धारित अवधि के पश्चात सायं 04:00 बजे तक छात्र द्वारा हस्तलिखित उत्तरपुस्तिकाएं उपर्युक्त माध्यमों से अथवा सम्बन्धित स्वाध्याय केन्द्र में हस्तगत माध्यम से जमा करायेंगें।
4. सभी छात्र परीक्षा में अवश्य सम्मिलित हों।
5. उत्तरपुस्तिका छात्र द्वारा स्वयंलिखित होनी चाहिए। स्वलिखित उत्तरपुस्तिका ना होने पर उक्त छात्र की परीक्षा निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।
6. परीक्षा में नीले रंग के बालपेन का ही प्रयोग करना आवश्यक है। A4 पेपर पर उत्तर लेखनकार्य करना होगा। उत्तरपुस्तिका स्वहस्ताक्षरित एवं पृष्ठ क्रमांक सहित होनी चाहिये।
7. परीक्षार्थी अपने संबंधित स्वाध्याय केन्द्र में उत्तरपुस्तिका सायं 04:00 बजे तक ईमेल अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा करेगा।
8. परीक्षाएं दिनांक 24.09.2020 से 30.09.2020 तक आयोजित की जायेंगी।

Ishwar Bhat
(प्रो. ईश्वर भट्ट)
परीक्षा नियंत्रक